दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2022 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार)दुकान तथा भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

### गौरव दिवस कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर पाण्डेय नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिले में उक्त कार्यक्रम के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बिरहोर समुदाय को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी



**रायगढ़।** जनपद सीईओ लैलूंगा बीरेन्द्र सिंह राय ने जनपद पंचायत के सभाकक्ष में लैलूंगा विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बिरहोर समुदाय के सदस्यों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने राशन कार्ड, पेंशन, मनरेगा, जॉब कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम जोडऩा, आयुष्मान कार्ड इत्यादि के संबंध में जानकारी दी। ज्ञात हो कि बिरहोर जनजाति लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुर्रा, झगरपुर, बरडीही व बसंतपुर में निवासरत है जो अभी भी जानकारी के अभाव में शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है। इस बैठक के माध्यम से उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी गई। इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बैठक के माध्यम से उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिली है, जिनका वे निश्चित ही लाभ उठायेंगे।

### बाघ ने 9 वर्षीय बालक का नोंचकर खाया

**बलरामपुर (आरएनएस)।** रामानुजगंज सीमा के नजदीक गढ़वा जिले के भंडरिया थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम रोदो में एक नौ वर्षीय बच्चे को बाघ ने मार डाला। बाघ ने बच्चे का आधा शरीर खाकर आधा छोड़ दिया जिसे देखकर गांव में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव को रहने वाला 9 वर्षीय विक्रम कुमार तुरी पिता ब्रह्मदेव तुरी बुधवार की शाम दुकान में बिस्कुट लेने गया था। जब शाम को घर नहीं लौटा तब घर के लोग काफी खोजबीन की। सुबह में तुरी टोला स्कूल के बगल में विक्रम का कपड़ा और क्षत-विक्षत शव देखा। शव के आधे हिस्से को बाघ खा गया था। बच्चे का कपड़े से उसकी पहचान की गई। लोगों को इसकी जानकारी हुई तो वहां ग्रामीणों की भीड़ इक_ा हो गई जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी विन विभाग, पुलिस प्रशासन को दी। मृतक विक्रम कुमार तुरी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुरी टोला में तीसरा क्लास में पढ़ता था। इसकी मौत से पूरा गांव और स्कूल परिवार में शोक व्याप्त है।

# शासन की योजनाओं का मिला लाभ, उद्यानिकी फसल से रघुवीर ने कमाए 9 लाख रुपए



**रायगढ़।** कृषि के क्षेत्र में विकास के साथ जीवन स्तर में बदलाव की एक बानगी देखने को मिल रही विकासखण्ड पुसौर के ग्राम लंकापाली निवासी कृषक रघुवीर सिंह चौधरी के जीवन में, जिन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आज लाखों रुपये कमा रहे है। रघुवीर सिंह चौधरी के बेटे अशोक चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत उन्होंने एक एकड़ में शेड नेट हाउस बनवाया। जिसमें उनके द्वारा ली गई सब्जियों की क्वालिटी और तैयार होने का समय कम लग रहा है। चौधरी बताते है कि शेडनेट हाउस के माध्यम से साल में तीन फसल ले रहे है, जिससे 9 से 10 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ होता है। इसमें विभागीय योजना द्वारा बीज खाद भी प्रदान किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने कृषि के लिए शासन की सहायता से ट्रैक्टर भी खरीदा है। जिससे अब उन्हें कम मेहनत में अधिक उत्पादन मिल रहा है।

श्री चौधरी ने बताया कि बाजार में मांग और बेहतर मूल्य मिल सके इन सभी चीजों को ध्यान में रख कर फसल ली जाती है, जिससे उन्हें अच्छा लाभ मिलता है। नेट हाउस का सबसे बड़ा फायदा इसमें बारिश में भी फसल ले सकते है जिसमें खाद भी कम लगता है और फसल जल्दी तैयार हो जाती है। इसमें फसल की देख-रेख कम करनी पड़ती है और सब्जी की क्वालिटी भी अच्छी होती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऑफ सीजन में गोभी लगाकर लगभग 150 से 180 क्विंटल उत्पादन किया। जिससे लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये प्राप्त हुआ। इसी प्रकार उन्होंने पिछले साल सीजन में फूल गोभी, पत्ता गोभी और धनिया का फसल लिया, जिससे उन्हें साल भर में लगभग 9 लाख 47 हजार का शुद्ध लाभ हुआ। इस वर्ष भी उन्होंने 16 हजार गोभी के पौधे लगाए है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 2 लाख रुपये तक होगा। इसके साथ ही टमाटर और परवल भी लगाए है। इस साल भी वे 3 फसल सब्जियों का लेकर लगभग 10 लाख रुपये तक की आय अर्जित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें विभागीय योजनाओं का लाभ और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे आज वे लाखों कमा रहे है, आज वो शासन की योजना का लाभ लेकर एक ट्रेक्टर भी खरीद चुके है। इसके अलावा छोटे कृषि यंत्र और स्वयं के लिए बाइक जिससे कृषि में आसानी हो रही है और अधिक लाभ कमा रहे है।

**जैविक खाद व आधुनिक यंत्रों के समावेश से कृषि हुई आसान और लाभदायक**

कृषक चौधरी कहते है वे कृषि में जैविक खाद का इस्तेमाल करते है, इससे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम होने के साथ उत्पादन में वृद्धि हो चुकी है। वे जैविक खाद स्वयं बनाने के साथ ही सोसाइटी में विक्रय किए जाने वाले जैविक खाद का उपयोग करते है। इससे खाद पूर्ति के साथ पैसे की बचत होती है। इसके अलावा छोटा टिलर, ड्रिप सिंचाई, मल्चीन जैसे आधुनिक उपकरण व तकनीक उपयोग से कृषि में आसानी और समय की बचत हो रही है।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर संविदा भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू 19 दिसम्बर को

**रायगढ़।** जिला रायगढ़ अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजनान्तर्गत संचालित विद्यालयों में शिक्षकीय रिक्त पदों पर संविदा से भर्ती की जानी है। जिसके लिए 19 दिसम्बर 2022 को सेंट जेवियर स्कूल बोईरदादर, रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा।

जिन विद्यालयों में संविदा भर्ती हेतु पद रिक्त है इनमें शास. नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में व्याख्याता-सामा.विज्ञान, शिक्षक-सामा.विज्ञान, सहा.शिक्षक-कला, सहा.शिक्षक-विज्ञान में एक-एक पद अनारक्षित के लिए रिक्त है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय अंगे्रजी माध्यम विद्यालय कोतरा में अनारक्षित एक पद शिक्षक-गणित, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोड़ातराई में व्याख्याता-सामा.विज्ञान, शिक्षक-अंग्रेजी एवं सहा.शिक्षक-कला में अनारक्षित एक-एक पद, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार में व्याख्याता-सामाजिक विज्ञान एवं कम्प्यूटर शिक्षक में एक-एक पद अनारक्षित तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा में शिक्षक-विज्ञान हेतु एक पद अनारक्षित के लिए रिक्त है।

व्याख्याता पद हेतु मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बीएड प्रशिक्षित अनिवार्य है। आवेदक को कक्षा 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन में दक्ष हो। उक्त संविदा पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक शिक्षक/कर्मचारी भी साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.nic.in पर अवलोकन कर सकते है।

## स्कूल के बच्चों को यातायात पुलिस दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा निर्देशन पर यातायात पुलिस स्कूली बच्चों को यातायात नियम और रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्कूलों में पहुंचकर बच्चों, शिक्षकों, वैन चालक और कंडक्टरों को रोड सेफ्टी के लिए यातायात नियमों की पालना के बारे में जानकारी दी जा रही है। कल यातायात पुलिस के जवान बड़े रामपुर स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल जाकर बच्चों को बताया गया सभी लोगों को ट्रैफिक नियम की जानकारी होना जरूरी है, जिससे सड़क हादसों में कमी आ सके। यातायात पुलिसकर्मी ने बच्चों से कहा गया यहां बताये गये ट्रैफिक नियमों का फोला उन्हें स्वयं करना है आपने पैरेंट्स से करना है। छोटे बच्चों को ट्रैफिक के बेसिक नियम जैसे- सड़क के बांयी ओर चलना, ट्रैफिक सिग्नल के रेड लाइट में रूकना और ग्रीन में आगे बढना, जेबरा क्रासिंग पर ही चलना बताया गया और पैरेन्ट्स को ओवर स्पीड में वाहन चलाने से रोकना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना बताते हुए महत्वपूर्ण यातायात संकेत और कार व हल्के वाहन चालकों और बैठे व्यक्तियों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना बहुत जरूरी है, कहा गया। स्टूडेंट से कहा गया कि 18 वर्ष के होने से पहले हमें व्हीकल नहीं चलाना चाहिए। 18 वर्ष के होने उपरांत ड्राइविग लाइसेंस जरुर बनवाए।

## पढ़ाई में मन नहीं लगने से घर से भागे खरसिया के दो बच्चे, ट्रेन में सवार होकर पहुंच गए पेंड्रा, खरसिया पुलिस दोनों को सकुशल लाई वापस



**रायगढ़।** 13 दिसंबर 2022 को पुराना मंगल बाजार खरसिया के पास रहने वाले दो नाबालिग लड़के- 11 और 9 साल के एक साथ स्कूल जाने के नाम पर घर से निकले थे जो शाम तक घर नहीं आए। दोनों बच्चों के परिजन बच्चों के स्कूल और पूरे खरसिया शहर में अपने स्तर पर देर शाम तक दोनों लड़कों का पता किये। इस दौरान उन्हें रेलवे स्टेशन खरसिया के पास चप्पल, जूता बनाने वाला व्यक्ति दोनों बच्चों को एक साथ ट्रेन में चढ़ते देखना बताया। दोनों बच्चों के परिजन दूसरे दिन पुलिस चौकी खरसिया आकर बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए। चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर ने धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय द्वारा चौकी प्रभारी खरसिया को खरसिया स्टेशन से उस समय गुजरने वाली ट्रेनों की जानकारी लेकर संबंधित जीआरपी, आरपीएफ को गुम बच्चों के फोटोग्राफ्स शेयर कर नाबालिगों के गुम रिपोर्ट को गंभीरता से लेने निर्देशित की।

चौकी प्रभारी खरसिया एसआई अमिताभ खांडेकर ने रेल्वे खरसिया से जानकारी लेने पर पता चला कि उस समय केवल अप ट्रेनें ही बिलासपुर की ओर गई है। चौकी प्रभारी ने बिलासपुर जीआरपी, आरपीएफ और चाइल्डलाइन को गुम बच्चों के फोटोग्राफ्स शेयर कर पतासाजी करने कहा गया। जीआरपी द्वारा आगे स्टेशन में बच्चों के फोटो प्रसारित किए गए जिससे दोनों बच्चों को ट्रेन से पेंड्रा रेलवे स्टेशन में उतारा गया। जहां चाइल्ड लाइन द्वारा दोनों बालकों को बिलासपुर लाया गया और खरसिया पुलिस को सूचना दी गई, खरसिया पुलिस को सूचना मिलते ही उसी समय सड़क मार्ग से बिलासपुर जाकर दोनों बच्चों को सकुशल वापस रायगढ़ लेकर आई। बच्चों के माता-पिता के समक्ष पुलिस चौकी खरसिया के बालमित्र पुलिस अधिकारी द्वारा नाबालिग बच्चों से पूछताछ किए जाने पर दोनों बच्चे पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण घर में बिना बताये ट्रेन पकड़ कर चले जाना बताए। चौकी प्रभारी खरसिया दोनों बच्चों के परिजनों को बच्चों पर पढ़ाई को लेकर अत्यधिक डांट फटकार नहीं करने कहा गया है और काउंसलिंग बाद दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# कथित प्रेमी के घर अंदर पड़ी मिली महिला की लाश

- जंगल में छिपे आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ी
- हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 14.12.2022 को बैहामुड़ा में रहने वाला जयलाल राठिया (उम्र 45 वर्ष) थाना घरघोड़ा में सूचना दिया कि उसकी पत्नी कौशिल्या उर्फ कौशल्या राठिया (40 वर्ष) का शव बैहामुड़ा फोकटपारा के रामप्रसाद के मकान में पड़ा है, शव को जलाने का प्रयास किया गया है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। प्रथम दृष्टिया अज्ञात आरोपी ने कौशिल्या राठिया की हत्या कर शव के गला और सीना को जलाकर मृतिका का पहचान और साक्ष्य छिपाने का पूरा प्रयास किया गया था। जांच टीम मौके पर पंचनामा कार्यवाही कर घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मृतिका के शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट पर मृत्यु "हत्यात्मक" प्रवृति का होना पाये जाने पर थाना घरघोड़ा में अज्ञात आरोपी पर धारा 302, 201 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूम्पूर्ण जानकारी लेकर एसपी अभिषेक मीणा ने एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को मामले के मुख्य संदेही मृतिका के कथित प्रेमी रामप्रसाद राठिया जिसके घर पर महिला की लाश जले अवस्था में पड़ी मिली जिसकी शीघ्र पतासाजी के लिये टीम बनाकर मिलने के स्थानों पर दबिश देने निर्देशित किया गया। निर्देशों पर एसडीओपी धरमजयगढ़ के मार्गदर्शन पर देर शाम टी.आई. घरघोड़ा हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम संदेही रामप्रसाद राठिया की पतासाजी के लिये विभिन्न इलाकों पर दबिश दिया गया। पुलिस टीम को सूचना मिली कि पुलिस की छापेमारी पर रामप्रसाद राठिया भाग नहीं पाया है जो गांव के बाहर जंगल में छिपा हुआ है। पुलिस टीम सुनियोजित तरीके से आज सुबह भोर में जंगल में सर्च ऑपरेशन चला कर संदेही रामप्रसाद राठिया को हिरासत में लिया गया जिससे कड़ी पूछताछ करने पर उसने कौशिल्या उर्फ कौशल्या राठिया की हत्या कर पकड़े जाने के डर से भाग जाना बताया।

आरोपी रामप्रसाद राठिया उर्फ रेंची पिता अमरसिंह राठिया उम्र 38 वर्ष सा. बैहामुड़ा, थाना घरघोड़ा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि कौशिल्या उर्फ कौशल्या राठिया से उसकी अच्छी मित्रता थी। कौशिल्या उर्फ कौशल्या राठिया घरघोडा बाईपास रोड में स्थित विजय पेट्रोल पंप में काम करने जाती थी जो शराब भी पीती थी। दिनांक 14.12.2022 के शाम करीब 05-06 बजे घर पर शराब पीने की बात को लेकर कौशिल्या से झगडा विवाद हुआ जिस पर उसका तकिया से मुंह और नाक को दबा कर हत्या कर दिया फिर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की नियत से शव के ऊपर शरीर में पेट्रोल छिडक कर आग लगा दिया, आरोपी रामप्रसाद राठिया उर्फ रेंची को आज घरघोड़ा पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

एसडीपीओ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक हर्षवर्धन बैस, एस.आई. एडमोन खेस, ए.एस.आई. विल्फ्रेड मसीह , ए.एस. आई. राजेश मिश्रा आरक्षक सुरेंद्र भगत, उधो पटेल की अहम भूमिका रही है।

## सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान का समापन, चिन्हांकित मरीजों का उपचार प्रारंभ



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार 01 दिसंबर से जिले में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एफ.आर. निराला के मार्गदर्शन में जिले में टीबी एवं कुष्ठ सघन जांच खोज अभियान के अंतर्गत अब तक टीबी के 256 मरीजों के सत्यापन में 34 नए रोगी चिन्हांकित हुए हैं, वही कुष्ठ के 260 शंकाप्रद मरीजों के सत्यापन में 76 नए रोगी चिन्हांकित हुए हैं। इन मरीजों का उपचार आज जिला चिकित्सालय में प्रारंभ हो गया है। घर-घर जाकर मरीज खोजने का आज अंतिम दिन था। 16 दिसंबर से क्षेत्रीय आरएचओ के द्वारा भी वैलीडेशन किया जाएगा। जिले के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुख्यालय में बुलाकर मरीजों का सत्यापन किया जा रहा है।

# ठंड में पड़ने लगी गर्मी! रायपुर का न्यूनतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री ज्यादा



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड एकाएक गायब हो गई है. ठंडी के महीने में लोगों अब गर्मी महसूस होने लगी है. पिछले 24 घंटे में तापमान 6 से 8 डिग्री तक बदलाव हुए है. इससे रात में रात में हल्की गर्मी तो महसूस हो रही है, दिन में तो पारा 32 डिग्री तक जा पहुंचा है. अचानक बदले मौसम से सबसे ज्यादा अंतर रायपुर में देखने देखने को मिल रहा है. 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री की वृद्धि हुई है. इसके चलते रायपुर शहर में आज गर्मी महसूस हो रही है।

रायपुर मौसम विभाग ने जिलेवार मौसम अपडेट जारी किया है. इसके अनुसार रायपुर के अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की वृद्धि के बाद तापमान 32.5 डिग्री हो गया है और न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री की वृद्धि के बाद पारा चढक़र 21.3 डिग्री हो गया है. बिलासपुर में अधिकतम में 6 डिग्री की वृद्धि के बाद पारा 30 डिग्री जा पहुंचा है और न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री बढक़र 17.8 डिग्री हो गया है. पेंड्रा रोड में अधिकतम तापमान में 1 डिग्री के वृद्धि के साथ 27 डिग्री दर्ज किया गया है और न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री बढऩे के साथ पारा चढक़र 17.8 डिग्री पर आ गया है. अंबिकापुर में अधिकतम तापमान में 1 डिग्री वृद्धि के साथ टेंपरेचर 25.3 डिग्री सेल्सियस हो गया है. वहीं न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री बढऩे के बाद 15.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

**मौसम विभाग का अनुमान आज से फिर बढ़ेगी ठंड-** बढ़ते तापमान को लेकर रायपुर मौसम विभाग के विज्ञानी ने बताया कि चक्रवात के कारण नमी थी. इस लिए बादल छाए थे. इस वजह से गर्मी बढ़ गई थी. लेकिन आज मौसम साफ हो गया है. चक्रवात का असर समाप्त हो गया है. फिर से अब ठंड बढऩे लगेगी.इसका असर कल से ही दिखने लगेगा. न्यूनतम तापमान कल से घटने लगेगा।

## युवक को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले दो आरोपियों को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ कालोनी में रहने वाले श्याम मंडल के बेटे देवसिंह मंडल (18 साल) ने दिनांक 12.12.2022 के रात्रि अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर फौत हो गया था। घटना की सूचना पर धरमजयगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के संबंध में मृतक के पिता श्याम मंडल ने धरमजयगढ़ थाने में आवेदन दिया कि उसके बेटे देवसिंह को विगत 02 वर्ष से घर के समीप रहने वाले श्याम विश्वास, गोविंदा भौमिक व अन्य झगड़ा कर परेशान कर रहे थे। मर्ग जांच दौरान मृतक के वारिसान एवं गवाहों अपने बयान पर बताये कि मृतक के पिता श्याम मंडल और उसके पड़ोसी श्याम विश्वास के बीच जमीन विवाद है, दोनों परिवार एक-दूसरे से रंजीश, मनमुटाव रखते हैं। मृतक के पिता अपने बयान में बताया कि दिनांक 11/12/2022 के शाम सार्वजनिक स्थान पर श्याम विश्वास, गोविंदा भौमिक ने देवसिंह और घरवालों से गाली गलौज कर मारपीट कर स्वयं थाना धरमजयगढ़ में मारपीट की रिपोर्ट कराया और फिर रात्रि में गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी देने लगा।

इसी बात से व्यथित होकर देवसिंह मंडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जांच पर श्याम विश्वास और गोविंदा भौमिक के द्वारा आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करना पाये जाने पर मर्ग जांच से दिनांक 14.12.2022 को आरोपियों पर धारा 306,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आज दोनों आरोपी- श्याम विश्वास पिता अशोक विश्वास उम्र 29 वर्ष, गोविंदा भौमिक पिता रतन चन्द्र भौमिक उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी धरमजयगढ़ कोलानी को धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में अन्य व्यक्ति के संलिप्तता के साक्ष्य पाये जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई किया जावेगा। शांतिभंग की अनदेशा पर दोनों पक्षों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक शांतिलाल टोप्पो, प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिदार और अरविंद लकड़ा की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480